सुविचार
हमारी सर्वोत्तम संपदा ज्ञान से भरा मस्तिष्क नही बल्कि प्रेम से भरा हुआ हृदय है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-50 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 19 जनवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## सार्वजनिक स्थान पर अश्लील गाने गाना या गाली देना कब संज्ञेय अपराध होता है जानिए/legal advice...

बहुत से लोग बिना कुछ सोचे समझे सार्वजनिक स्थानों पर गंदी-गंदी गाली देते हैं और कुछ मनचले तो अश्लील गाने गाते जाते हैं लेकिन वह यह नहीं सोचते की अगर किसी ने उनके खिलाफ पुलिस शिकायत कर दी तो उनको यह सब करना बहुत महंगा साबित हो सकता है जानिए



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 294 की परिभाषा:** अगर कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान, सड़क या चौराहे पर अश्लीलता भरें गाने गाएंगा , अश्लील हरकत करेगा या अश्लीलता प्रदर्शित करेगा,या गाली देगा जिससे किसी व्यक्ति को क्षोभ उत्पन्न होता है तब ऐसी अश्लील हरकत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 294 के अंतर्गत मामला दर्ज होगा।

### भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 294 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ?

इस धारा के अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है

**सजा-** इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम तीन माह की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## रामभय हुई इंदौर नगरी, जय श्री राम के नारों से गूंज उठा सम्पूर्ण शहर

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के विश्राम बाग में आयरन स्क्रैप से निर्मित श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति का किया उद्घाटन**

**भोपाल।** आज का दिन संपूर्ण इंदौर शहर के लिए अविस्मरणीय बन गया जब जय श्री राम की गूंज और मंत्रों के उच्चारण के मध्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ उद्यान में आयरन स्क्रैप से निर्मित श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति का अनावरण किया। इस अवसर पर नगरीय एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री कृष्ण मुरारी मोघे, विधायक श्री रमेश मेंदोला,



श्रीमती मालिनी गौड़, सुश्री उषा ठाकुर, श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री गोलु शुक्ला, श्री मधु वर्मा, श्री मनोज पटेल, आईडीए अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, अनुसूचित जाति वित विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, श्री गौरव रणदिवे, श्री निशांत खरे, सुश्री कविता पाटीदार, श्री सुदर्शन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संभागायुक्त श्री मालसिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश से अयोध्या पहुंचाए जाएंगे 5 लाख लड्डू

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्री राम ने अपने जीवन काल में कई लोगों को जोड़कर उनके अंर्तऊर्जा का जागरण किया है। वे हम सभी के लिए प्रेम और स्नेह की प्रतिमूर्ति है। उन्होंने जो आदर्श जीवन जिया है वह हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभानी चाहिये। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश से 5 लाख लड्डू भिजवाए जाएंगे।*

## डॉक्टर,मरीज की बिना स्वीकृति के ऑपरेशन कर दे तब वह अपराध होगा या नहीं जानिए/IPC....।

हमने आपको पिछ्ली धाराओ में बताया था कि दो व्यक्ति की आपसी सहमति से कोई कार्य सावधानीपूर्वक किया जाता है एवं कोई गंभीर घटना घटित बिना आपराधिक उद्देश्य से घटित हो जाती है तब यह अपराध IPC की धारा 87 से 89 एवं BNS की धारा 25 से 27 के अंतर्गत अलग-अलग नियमो के अनुसार क्षमा योग्य होगा। लेकिन बिना सहमति से कोई कार्य किसी के फायदे के लिए किया जा रहा है, सावधानीपूर्वक एवं बिना आपराधिक उद्देश्य से तब कोई गम्भीर क्षति या घटना व्यक्ति द्वारा घटित हो जाए क्या वह क्षमा योग्य होगा जानिए

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 92 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 30 की परिभाषा:** अगर कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के फायदे के लिए उसकी बिना सहमति के लिए कोई कार्य सावधानीपूर्वक करता है वह IPC की धारा 92 के एवं नए कानून BNS की धारा 30 द्वद्व अंतर्गत अपराध नहीं होगा। अर्थात ऐसा व्यक्ति न तो सहमति देने की हालत में हो या न ही उसका कोई संरक्षक वहाँ सहमति देने के लिए मौजूद हो या कोई शिशु जो सहमति नहीं दे सकता हो इनके फायदा के लिए किया गया कोई कार्य अपराध नहीं होगा।

**इसे हम उदहारण से समझते हैं-**

किसी व्यक्ति का सड़क पर एक्सीडेंट हो जाता है एवं उसे अनजान व्यक्ति अस्पताल ले जाते हैं, एवं डॉक्टर मरीज या संरक्षक की सहमति का इंतजार किए बिना उसका ऑपरेशन कर देता है एवं ऑपरेशन के दौरान घायल व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तब डॉक्टर द्वारा किया गया कार्य भारतीय दंड संहिता,1860 की धारा- 92 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 30 के अंतर्गत अपराध नहीं होगा। अर्थात कोई व्यक्ति का सड़क पर एक्सीडेंट हो जाए तब अनजान व्यक्ति डॉक्टर से बोल सकते हैं कि आपके द्वारा सावधानीपूर्वक व्यक्ति के फायदे के लिए किया गया कार्य अपराध की श्रेणी में नहीं आएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जन आभार यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत में आज इंदौर में जनसैलाव उमड़ा। बड़ा गणपति से प्रारंभ हुई आभार यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अभिनंदन स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों के साथ रथ में सवार होकर जन समुदाय का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने माँ अहिल्या की पावन नगरी, हमारे इंदौर शहर के लिए लगातार 7वीं बार देश को स्वच्छतम शहर का सम्मान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिये इंदौर के नागरिकों का हार्दिक आभार माना। आभार यात्रा राजबाड़ा में देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समाप्त हुई। बड़ा गणपति से लेकर राजबाड़ा तक विभिन्न नागरिक संगठनों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत के लिए मंच लगाए गए थे।

## कुंडम में लगाया जायेगा ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट



जबलपुर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्रे वॉटर प्रबंधन हेतु राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन एवं जल सरंक्षण के क्षेत्र में काम कर रही संस्था वाटर एड के भोपाल से आये अधिकारियों ने आज बुधवार को जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति के साथ ग्राम पंचायत कुंडम पहुँचकर यहाँ प्रस्तावित ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिये चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत की सीईओ को इन अधिकारियों ने कुंडम में घरों से निकलने वाले पानी के ट्रीटमेंट के लिये बनाई जाने वाली संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जगह की उपलब्धता के आधार पर यहाँ 200 केएलडी क्षमता तक का ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा सकता है।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश को प्रथम पुरूस्कार




**ग्वालियर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह से मंत्रालय में निःशक्तजन आयुक्त श्री संदीप रजक ने मुलाकात की। मंत्री श्री कुशवाह को श्री रजक ने मध्यप्रदेश में दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा मध्यप्रदेश को वर्ष 2023 के लिए प्रदान किये गये प्रथम पुरूस्कार की प्रति भेंट की। मंत्री श्री कुशवाह ने प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए बेहतर वातावरण निर्माण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग है। इन्हें बेहतर वातावरण और अवसर प्रदान करना शासन और समाज दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है।

## 500 रुपये न देने पर पीटा फिर बोलेरो में लगाई आग

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के रसपुर तिराहे में पान गुटके के व 5 सौ रुपये शराब पीने के लिए मांगे। विरोध करने पर बोलेरो सवार युवक के साथ पान ठेले में मौजूद दो लोगों ने मारपीट की और बोलेरो में आग लगा दी। वाहन जलकर राख हो गया। दोनों आरोपितों मे जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि राकेश फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद पीड़ित ने ब्यौहारी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। लालजी गर्ग अपने साथी दयाराम के साथ अपनी बोलेरो गाड़ी क्रमांक एमपी 18 टी 1412 में ग्राम पुरेना से ब्यौहारी आ रहा था। इस दौरान रास्ते में लगभग 12.00 बजे रात ग्राम रसपुर तिराहे पर राकेश पांडे की दुकान पर गुटखा खाने के लिए गाड़ी रोकी। इस दौरान बोलेरो सवार लाल जी के साथ मारपीट की।



## प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी ने जारी किया डाक टिकट




**एजेंसी, अयोध्या।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का गुरुवार को तीसरा दिन है। इससे पहले बुधवार देर शाम राम लला की श्यामवर्ण प्रतिमा को क्रेन की मदद से मंदिर परिसर में लाया गया। इस प्रतिमा को अभी गर्भगृह में रखा गया था। आज और कल के अनुष्ठान में इस प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। नव्य व भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित की जाने वाली रामलला की श्यामवर्णी प्रतिमा बुधवार को हनुमानगढ़ी से होते हुए रात्रि आठ बजे राम मंदिर में पहुंची। इस दौरान भक्तों ने जय सिया राम और जय श्रीराम का उद्घोष किया।

### पीएम मोदी ने जारी किया वीडियो संदेश

डाक टिकट जारी करने के बाद पीएम मोदी का एक वीडियो संदेश भी जारी किया गया। इसमें पीएम मोदी ने कहा, आज मुझे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान द्वारा आयोजित एक और कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर 6 स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों का एक एल्बम जारी किया गया है। मैं देश के लोगों और दुनिया भर के सभी राम भक्तों को बधाई देना चाहता हूं।

# श्रीराम एवं राममंदिर की छवि वाला 500 रुपए के नोट वाला मैसेज झूठा एवं भ्रामक




**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

जहां अयोध्या में राममंदिर निर्माण पूर्ण एवं प्राण प्रतिष्ठा की तारीख पास आ रही है वहीं सोशल मीडिया पर भी लोग राममंदिर को लेकर बहुत एक्टिव हैं । आजकल सोशल मीडिया पर इससे संबंधित अनेक मैसेज प्रचलित हैं जिसमें कुछ मैसेज द्वारा झूठे एवं भ्रामक दावे किये जा रहे हैं जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। इन दिनों ऐसा ही एक मैसेज सोशल मीडिया पर वाइरल हो रहा है। 500 रुपए के नोट वाला मैसेज जिसमें 500 रुपए के नोट का प्रारूप बदलकर सोशल मीडिया पर वाइरल किया जा रहा है।जिसमें महात्मा गांधी की छवि की जगह नोट में आगे भगवान् श्रीराम की छवि है। तथा नोट के पृष्ठ भाग में जहां लाल किले की छवि है उसे बदलकर नवनिर्मित राममंदिर की छवि दर्शाई गई है। जो की पूर्णतः भ्रामक तथा है । तथा छानबिन में ऐसी रिपोर्ट सामने आई है की ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है कि भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है जिसमें 500 रुपए का महात्मा गाँधी वाला पुराना नोट वापस लिया जा रहा है,तथा नया नोट जारी किया जा रहा है ये मैसेज फर्जी है । सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए लोगों को इस प्रकार के किसी भी मैसेज पर ध्यान नहीं देना चाहिए तथा आगे फॉरवर्ड नहीं करना चाहिए ।

# अजाक्स कर्मचारी का नव वर्ष मिलन समारोह हुआ संपन्न

**कैलाश कुमार - सह संपादक**



सागर -आपको बता दे कि दिनांक 14 जनवरी 2024 को सिरोंज नर्सरी बड़तूमा में अजाक्स संगठन का कर्मचारी नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर सभी पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात बारी-बारी से सभी कर्मचारियों ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दी वह संगठन को मजबूत बनाने हेतु सदस्य अभियान चलाने पर चर्चा की। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष श्री गजेंद्र बोहत ने श्री दिनेश चौधरी को जिला सचिव व श्री जगदीश अहिरवार को जिला संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया व सभी पदाधिकारी ने पुष्पमाला पहनकर दोनों पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में श्री अनिल लारिया संभागीय अध्यक्ष, श्री गजेंद्र बोहत जिला अध्यक्ष, श्री आरके सुमन संभागीय महासचिव, श्री नंदराम अहिरवार संभागीय उपाध्यक्ष, श्री महेश अहिरवार, श्री समीष कुमार अहिरवार, श्री चंद्रभान रोहित तहसील अध्यक्ष सागर, डा रेणु परस्ते, श्रीमती वर्षा समद, श्रीमती आशु राव मैडम, श्रीमती छाया अहिरवार, श्रीमती वैज्यंती सुमन, श्री शंकर कोरी ब्लॉक अध्यक्ष रहली गढ़ाकोटा, श्री मदन चौधरी तहसील अध्यक्ष देवरी, श्री कन्हैया लाल अहिरवार तहसील अध्यक्ष केसली, श्री के सी भास्कर, श्री हरिदास अहिरवार, श्री गिरवर सिंह भास्कर, श्री राजू पामाखेड़ी, श्री लखन अहिरवार डोमा, श्री चंद्रेश गौहर, श्री जयशेखर पारोचे, श्री रामचरण अहिरवार, श्री गिरवर सिंह भास्कर, श्री नीरज करोसिया, श्री दिनेश चौधरी, श्री प्रीतम अहिरवार, श्री जगदीश अहिरवार, श्री एमएल चौधरी श्री मलखान सिंह अहिरवार, दिनेश चौधरी, श्री लीलाधर अहिरवार गढ़ाकोटा, श्री एस एस भास्कर, श्री लीलाधर अहिरवार गौरनगर, श्री आर एस अहिरवार, श्री बाबू मछंदर, श्री सुरेंद्र महावते, श्री लीलाधर अहिरवार खुरई, श्री बी एल मरावी, श्री मोहनलाल अहिरवार, श्री कामता प्रसाद कोरी, श्री माखन अहिरवार, श्री उत्तम सिंह सिरसे, श्री कमल अहिरवार सचिव, श्री देवेंद्र गौड़ श्री राजकुमार गॉड श्री संजय पारोचे दमोह, भूपेन्द्र घारू, महेंद्र घारू, अनिल करोसिया, घनश्याम कुशवाहा सचिन करोसिया सुभाष नाहर आदि अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमलेश अहिरवार ने किया एवं आभार श्री चंद्रभान रोहित व्यक्त ने किया।



# साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न ,रात्रि 11 बजे बंद हो बाज़ार, खुले में न बिके मांस-मछली लाउड स्पीकरों संबंधी निर्देशों का पालन हो

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को समय सीमा-पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस,गणतंत्र दिवस की तैयारी, राजस्व महाअभियान, खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही,शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान और 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के मंदिरों में स्वच्छता अभियान, रोशनी एवं अन्य कार्यवाहियों के सम्बंध में समीक्षा कर अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिये।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत , तीनों एडीएम सहित सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारी के सम्बंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर कार्यक्रम की तैयारी बेहतर ढंग से समय सीमा में करने निर्देश दिये। इसी के साथ उन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने माइनिंग विभाग के अधिकारियों को खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी रखने एवं कार्यवाहियों में वृद्धि लाने के निर्देश दिये। उन्होंने 15 जनवरी से प्रारंभ हो रहे राजस्व महा-अभियान के सम्बंध में सभी राजस्व अधिकारियों को अभियान अंतर्गत दिये गये बिंदुओं पर प्राथमिकता देते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर अपने कार्यालय में साफ़-सफ़ाई करने के निर्देश दिये। कलेक्टर 16 जनवरी को प्रातः 8 बजे कलेक्ट्रेट में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी एसडीएम से उनके क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले मंदिरों के धर्मगुरुओं के साथ चर्चा कर 16 से 22 जनवरी तक मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने रोशनी ,दीपक प्रज्वलन करने, संस्था की क्षमता अनुसार धार्मिक आयोजन, प्रभात फेरी, प्रसादी वितरण आदि के आयोजन करने की बात कही। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शहर में बाज़ार रात 11 बजे तक बंद हो यह सुनिश्चित कराया जाये साथ ही उन्होंने खुले में मांस न बिके यह भी सुनिश्चित कराने निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने लाउड स्पीकरों के सम्बंध में शासन से जारी निर्देशों का पालन कराने सभी सम्बंधितों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की भी समीक्षा कर उनका समय सीमा में गुणवत्ता से निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।




# आदिवासी युवक - युवती परिचय सम्मेलन 21 जनवरी को भोपाल में आयोजित होगा

**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल आदिवासी सेवा मंडल के तत्वधान में विवाह योग्य युवक, युवतीयों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग अपने युवा, युवतियों को लेकर सहपरिवार भाग लेने वाले है। आदिवासी सेवा मंडल मध्यप्रदेश की महिला प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रा सर्वटे जी ने जानकारी देते हुए बताया है कि राज्य स्तरीय आदिवासी समाज का विशाल युवक/युवती परिचय सम्मेलन 21 जनवरी 2024 को भोपाल में किया जा रहा है। जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के सामाजिक नागरिकों व प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रहेगी। समाज के विवाह योग्य युवा, युवतियों के वायोडाटा पत्रिका में प्रकाशित भी किये जा रहे है। जिससे आदिवासी समाज के लोग अपने योग्य रिश्ता तय कर सकें। आदिवासी सेवा मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों में सर्व श्री मनोहर सिंह ठाकुर, दिलीप सिंह मरकाम, सुमेर सिंह ठाकुर, अन्जोर सिंह उईके,श्रीमती आशा धुर्वे, सहित प्रदेश कार्य कारिणी, प्रदेश महिला प्रभाग, संभागीय व जिलाध्यक्ष और प्रबुद्ध नागरिकों ने सभी सामाजिक बन्धुओं से अपील की है कि युवक युवती परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक अपने आदिवासी विवाह योग्य लड़का/लड़की के वायोडाटा पत्रिका में भेजे और परिचय हेतु सम्मेलन में साथ लेकर कार्यक्रम में पधारकर सफल बनाये।




# पुलिस अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यशाला में बाल संरक्षण एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**






15 जनवरी को भोपाल पुलिस कमिश्नरेट एवं आरम्भ संस्था के समन्वय तथा यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से भोपाल कमिश्नरेट के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए बाल संरक्षण के सभी विषयों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित अधिनियमों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से ए सी पी, डी सी पी मुख्यालय,साइबर , डी सी पी जोन 2 ,सहित सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं यूनिसेफ मध्यप्रदेश से बाल संरक्षण विशेषज्ञ , बाल संरक्षण अधिकारी, सलाहकार, आरम्भ एवं बचपन, उदय संस्था के टीम सदस्य शामिल रहे।

**कार्यक्रम निम्न चरणों में संचालित हुआ:** ए सी पी अवधेश गोस्वामी द्वारा कार्यशाला की औपचारिक रूप से शुरूआत की गई और अधिकारियों को कार्यशाला के उद्देश्य एवं गंभीरता के विषय में बताया गया। बाल संरक्षण अधिकारी यूनिसेफ मध्यप्रदेश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार समझौता, बच्चों के अधिकारी एवं मध्यप्रदेश में बच्चों की स्थिति से अवगत करवाया गया। किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बालक के बेहतर हित को ध्यान में रखते हुए न्यायिक प्रक्रिया के पालन पर अपनी बात रखी गई एवं जेजे एक्ट के प्रारूपो एवं व्यवस्थाओं से जुड़े प्रावधानों से अवगत कराया गया। पॉक्सो एक्ट के मुख्य प्रावधानों को बताया गया एवं केस स्टोरी के मध्य पॉक्सो एक्ट के मुख्य प्रावधानों को अवगत कराया गया, पॉक्सो पीड़ित बालकों के चिकित्सीय परीक्षण एव बेहतर पुर्नवास प्रक्रिया संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। मध्यप्रदेश राज्य एवं भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं अभिनव प्रयासों की जानकारी दी गई एवं अधिकारियों को अपने अपने में क्षेत्र में पुलिसिंग करनें हेतु स्वयं सेवी संगठनो से समन्वय स्थापित करनें के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही भोपाल पुलिस द्वारा महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम हेतु किए गए नवाचारों एवं अभियानों से अवगत कराया गया एवं भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों एवं उपलब्धियों की सराहना की । बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ द्वारा भोपाल शहर में सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे को सम्मानित किया गया, साथ ही आगामी समय में कमिश्नर सर के मार्गदर्शन में ऐसे अन्य प्रयासों के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला के अंत में डी सी पी द्वारा आगामी माह में भोपाल नगरीय पुलिस के अंतर्गत आने वाले समस्त जोन में जोन स्तरीय कार्यशाला हेतु कार्ययोजना तैयार कि गई एवं यूनिसेफ, आरम्भ टीम के धन्यवाद के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।

# आयोजित परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र जारी करने तथा स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती करने के उप मुख्यमंत्री के निर्देश

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने निर्देश दिये हैं कि स्वास्थ्य विभाग के स्वीकृत पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की अविलंब पूरा करें। स्वीकृत पद के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षा आयोजित की जा चुकी हैं। उनके अंतिम परिणाम जारी करने के संबंध में विभागीय सामंजस्य के विषयों को प्राथमिकता से निराकृत करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बुधवार को मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में बैठक ली। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति का कार्य कर्मचारी चयन मंडल प्राथमिकता के साथ करे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेवाभाव से कार्य करें क्योंकि स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक मेडिकल स्टाफ़ संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अहम हैं, प्रदेश की पूरी आबादी से संबंधित हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय सामंजस्य के विषयों में संबंधित



अधिकारी प्राथमिकता से नियमित संपर्क कर निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने एएनएम के 2576 पद, रेडियोग्राफ़र के 140 पद, लैब टेक्नीशियन के 265 पद और फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 472 पद कुल 3453 पद के परिणाम कर्मचारी चयन मंडल द्वारा शीघ्र जारी किए जाने के लिए कहा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने नवीन स्वीकृत पदों के संबंध में लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल को शीघ्र मांग प्रेषित करने के निर्देश दिये, जिससे भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उल्लेखनीय है कि बैकलॉग और नवीन स्वीकृत पद मिलाकर विशेषज्ञ के 441 पद, चिकित्सा अधिकारी के 470 पद और दंत चिकित्सक के 156 पदों पर भर्ती के लिये लोक सेवा आयोग को मांग प्रेषित की जानी है। उप मुख्यमंत्री ने एनएचएम द्वारा भर्ती किए जाने वाले स्वास्थ्य स्टाफ के पदों, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की नियुक्ति के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अपर मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, आयुक्त स्वास्थ्य, मिशन संचालक एनएचएम, संचालक कर्मचारी चयन मंडल , संचालक स्वास्थ्य एवं विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




## शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

### स्वामी विवेकानंद जयंती का हुआ आयोजन

संवाददाता हेमंत शाक्या

सुल्तानपुर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न झांकियों में सजाया गया। स्वामी विवेकानंद के रूप में छात्र विवेक सरआम को प्रस्तुत किया गया। संस्था के शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा बताया गया कि स्वामी विवेकानंद एक राष्ट्रवादी महान विचारक एवं संत थे जिन्होंने भारत की शिक्षा एवं संस्कृति को विश्व पटल पर अवगत कराया। राष्ट्र के पुनर्निर्माण में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज में फैली अनेक प्रकार की कुरूतियों को दूर किया। भारत के इतिहास में स्वामी विवेकानंद एक युवा संन्यासी थे। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्रीय हित में कार्य करना चाहिए।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा में छात्र/छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति

### नवाचारी शिक्षक सुशील शर्मा के प्रयासों से बच्चों को मिल रहा है सीखने का नया अवसर







**सुल्तानपुर संवाददाता हेमंत शाक्या**

सुल्तानपुर। नगर परिषद सुल्तानपुर द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में कार्यक्रम के दौरान शासकीय बालक प्राथमिक शाला सुल्तानपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा सेना की ड्रेस पहनकर मैं देश नहीं झुकने दूंगा थीम पर सामूहिक नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित विधायक सुरेंद्र पटवा एवं जनमानस द्वारा बच्चों की इस देशभक्ति प्रस्तुति पर जमकर प्रशंसा की गई । विधायक द्वारा बच्चों को मंच पर बुलाकर गुलदस्ते देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। छात्र रोहित अहिरवार एवं छात्रा खुशी विश्वकर्मा से फौजी गणवेश में देखकर विधायक महोदय द्वारा पूछा गया कि आप पढ़लिखकर क्या बनोगे तो छात्रों द्वारा बताया गया कि हम सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करेंगे । छात्रा खुशी विश्वकर्मा द्वारा विधायक महोदय को बताया गया कि हमारे घर के ऊपर बिजली की लाइन गई है जिससे तीन लोगों को करंट लग गया है उसे हटाया जाये ।इस बात पर विधायक महोदय द्वारा बिजली अधिकारियों को निर्देश दिए गए ।विधायक महोदय द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी गई ।इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी मीणा ,विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा ,भाजपा नेता किशोर रामानी ,सुरेश श्रीवास्तव, कन्हैयालाल गौर ,एसडीएम श्री चंद्रशेखर श्रीवास्तव ,नायब तहसीलदार हेमंत शर्मा ,एवं नगर के समस्त नागरिक ,शिक्षक, पालक एवं स्कूल के छात्र /छात्रा उपस्थित रहे ।

## ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर में अयोध्या से आए पावन पुनीत अक्षत और कलश का हुआ ढोल नगाड़ों के साथ हुआ भव्य स्वागत।



**संवाददाता हेमंत शाक्या** – ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर में दिनांक 16/01/2024 दिन मंगलवार को अयोध्या से आए पावन पुनीत भव्य कलश का स्वागत ओर साथ ही ग्राम के शिव मन्दिर की प्राणप्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम पंचायत की समस्त माताओं बहनों और भाइयों समेत क्षेत्रवासियों का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

## युवा कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन

हसदेव में काटे जा रहे जंगलों को।लेकर साथ ही आदिवासियों को उनके जल जंगल जमीन से बेदखल करने को लेकर आज युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने प्रदेस के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला फंक कर विरोध जताया हैं और कहा हैं कि प्रदेस की भाजपा सरकार अपने उद्योग पति मित्रों को फायदा पहुंचाने के मकसद से ऐसा काम कर रही है वँहा कहा हैं कि आदिवासियों के हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार सत्ता में आते ही आदिवासीयो पर जबरन दबाव और बंधक बनाकर उन्हें हसदेव से बाहर करने की कोशिश की जा रही हैं जिसका विरोध कांग्रेस शुरु से करता आया हैज् एक बार फीर भजापा ने अपना असली चेहरा दिखा दिया हैं और आदिवासियों पर अत्याचार कर रही हैं.. जिसे कांग्रेस हमेशा पुरजोर विरोध करती रहेगी..वंही काफी संख्या में पहुंचे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला दहन के दौरान काफी झूमा झटकी चलति रही और कंग्रेस के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए दिखे।



## उच्च पद प्रभार के संबंध में स्कूल शिक्षामंत्री से मिले समग्र पदाधिकारी

**संवाददाता हेमंत शाक्या**



भोपाल समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक मुरारीलाल सोनी ने आज पुनः मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षामंत्री को गुलदस्ता भेटकर शिक्षा विभाग की लंबित समस्याओं और उच्च पद प्रभार के लंबित आदेश जारी करने के संबंध में ज्ञान पत्र सौपा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन के चलते उच्च पद प्रभार प्रक्रिया विभाग द्वारा रोक दी गई थी तथा वरिष्ठता क्रम में उच्च पद प्रभार में बड़ी संख्या में शिक्षको के नाम छूटने के चलते उच्च न्यायालय जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर खंडपीठों में दर्जन भर से अधिक याचिकाओं के निर्णय आने के बाद विभाग ने सरकार गठन के दो माह बाद भी काउंसलिंग में शामिल हो चुके शिक्षकों के आदेश अब तक जारी नहीं किए हैं, जिससे 6 माह पूर्व काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके शिक्षकों में भारी आक्रोश पनप रहा है। विगत 4 दिनों में संगठन की शिक्षामंत्री से दूसरी मुलाकात रविवार को ही प्रदेश महामंत्री जेपी शुक्ला के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च पद प्रभार के मुद्दे को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात की थी।



## श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मन्दिर की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अक्षत पुष्प कलश यात्रा निकाली।

**संवाददाता हेमंत शाक्या**

सुल्तानपुर। दिन गुरुवार 11/01/2024 ग्राम खपरिया खापा में श्री रामजन्म भूमि अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई और घर घर जाकर अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए पीले अक्षत देकर अमंत्रित किया जिसमे सहयोगी प्रकाश चौकसे व दिलीप चौकसे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड चंद्रपुर( सुल्तानपुर )अध्यक्ष शुभम शर्मा बजरंग दल ग्राम अध्यक्ष शुभम नंदवंशी और समस्त ग्राम वासी के सहयोग से यात्रा को उत्साह के साथ सफल बनाया।



## भीमा कोरेगांव में

लगा लिया था मरहम उस दिन,
दिल के गहरे घाव में।
सच है अपमानो का बदला
लिया था कोरेगांव में।।
1
राज पेशवाशाही वह
अंगार धधकती भट्ठी थी ,
जलते थे अछूत जहां पर
लहू से सनती मिट्टी थी,
स्वयं पीड़ा भी रो पड़ती थी
देख हमारी आहों को,
क्या-क्या हम न जुल्म सहे थे
दफन किया था चाहों को,
मौका पाकर छेद किया था
एक दिन उनके नांव में ।।
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में ।।
2
उन दुष्टों ने गले हमारे
मटकी एक टंगवाया था,
थूक उसी में सकते केवल
कमर में झाडू बंधवाया था,
बस्ती से हम सबको बाहर
दूर-दूर ही रहना था,
मृत पशुओं का मांस था खाना
मुंह से कुछ ना कहना था,
बहू बेटियां लूटी हमारी
अस्मत लगी थी दांव में।।
सच है अपमानों का बदला,
लिया था कोरेगांव में।
3
तपता सूरज सिर पर हो तब
दोपहरी में निकलते थे,
नंगे पांव में पड़ते छाले
आवाज लगाते चलते थे,
चेतनमय हम इंसानों का
पशु से बदतर जीवन था,
हम,हमारी परछाई भी
उनके लिए अपावन था,
भरा गुबार जब मन का फूटा
उनको कुचला पांव में
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में।।
4
जब आये अंग्रेज,उन्होंने
हमको गले लगाया था,
किया मदद भरपूर हमारी
इंसानी गौरव पाया था,
हमको अक्षर ज्ञान दिया फिर
सैनिक हूनर सिखाया था,
हमे तोप बंदूक थमाकर
स्वाभिमान लौटाया था,
युगों बाद हम एक हुए थे
संघ शरण की छांव में।।
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में।।
5
पेशवाशाही अहंकार और
मनुवाद को मिटाना था,
मानवता के घोर शत्रु को
सबक सिखाने ठाना था,
अंग्रेजों ने लिया पांच सौ
योद्धा वीर महारों को,
अट्ठाईस हजार थे पेशवा सैनिक
सम्मुख लिए तलवारों को,
महाकाल बन टूट पड़े हम
झोंका उन्हें अलाव में।।
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में।।
6
मजलूमों का शौर्य दर्ज है
पन्नो में इतिहास के,
भूल ना जाना गौरवशाली
अद्भुत पल अहसास के,
जाना तुम एक बार वहां पर
स्मारक है जहां खड़ा,
उनको माथ नवाना जिनने
स्वाभिमान के लिए लड़ा,
तुम्हे मिलेगी दिव्य प्रेरणा
कुछ पल रुकना ठांव में।
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में।।
7
केवल साहस के बूते ही
हमने विजय को पाया था,
मुट्ठी भर होकर भी हमने
तख्त पलट कर दिखलाया था,
बाबा साहब भीमराव जी
हर साल वहां पर जाते थे,
श्रद्धा के दो फूल चढ़ाकर
अपना फर्ज निभाते थे,
कष्ट सहे पर झुके नहीं हम
लड़ते रहे अभाव में।।
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में।।

लगा लिया था मरहम उस दिन
दिल के गहरे घाव में।
सच है अपमानों का बदला
लिया था कोरेगांव में।।

**लक्ष्मीनारायण कुम्भकार सचेत**
**लुचकी पारा दुर्ग ( छग)**
**मो0-9301322156**

# अजाक्स की नींव के पत्थर-08

**कैलाश कुमार - सह संपादक**
**श्री रामकलेश साकेत**

अध्यक्ष अजाक्स-सतना त्याग, समर्पण, और दृढ़ निश्चय का दूसरा नाम.

**एक अभूतपूर्व व्यक्तित्व**
**लेख - एमसी अहिरवार**



एक व्यक्ति समाज के प्रति अपने त्याग, समर्पण, और दृढ़ निश्चय के माध्यम से एक मिसाल कायम करता है। तथा सामाजिक जागरूकता फैलाने हेतु अनवरत प्रयास करते हैं, चाहे वह शिक्षा देना हो, पर्यावरण की सफाई हो या वृद्धजनों की सेवा हो। उनका कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कदम बढ़ाना होता है।आज हम एक ऐसे ही व्यक्ति के बारे में चर्चा करते हैं वह हैं रामकलेश जी जानिए उनके बारे में. रामकलेश साकेत, अजाक्स जिला अध्यक्ष सतना (मध्य प्रदेश), का जीवन और कार्यकाल अत्यंत प्रेरणादायक है। उनका जन्म 10 अगस्त 1968 को मध्यप्रदेश के ग्राम ऐरा, तहसील रामपुर बाघेलान, जिला सतना में हुआ। साकेत ने समाजशास्त्र में एम.ए. की डिग्री प्राप्त की है और वे स्वास्थ्य विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर वर्तमान में कार्यरत हैं। उनकी शासकीय सेवा के दौरान, उन्हें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना द्वारा विभिन्न वर्षों में चार बार उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया है। 1995 में उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर बाघेलान और 2013 में अजाक्स का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तब से वे लगातार इस पद का निर्वहन कर रहे हैं। सतना अजाक्स टीम ने सामाजिक, शैक्षणिक, और आर्थिक दृष्टि से समाज के लोगों को रोजगार देने में सतत् सहयोग किया है। उन्होंने परम पुज्य बाबा साहब' की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में 3 प्रतिमाओं का लोकार्पण कराया और अजाक्स निःशुल्क कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन सेवा का शुभारंभ किया। इस कोचिंग के माध्यम से, कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। साकेत ने अजाक्स कार्यालय में कोचिंग के लिए एक हॉल का निर्माण भी कराया है। उन्होंने थानों में एस.सी./एस.टी. समुदाय के लोगों की रिपोर्ट न दर्ज किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई और इस मामले को संज्ञान में लेकर अपराध पंजीकरण सुनिश्चित किया। अजाक्स कोचिंग सेंटर सतना से अब तक 21 छात्र-छात्राओं ने सरकारी नौकरी में सफलता हासिल की है।

**21 परिवारों का जीवन बदल दिया.**

उन्होंने 50 लोगों का एक समूह बनाकर, 19 जनवरी 2024 को बाबा साहब की जन्मस्थली महू, इंदौर की यात्रा की योजना बनाई, ताकि लोग बाबा साहब की जीवनी को जान सकें और उनसे प्रेरणा ले सकें। कोरोना महामारी के दौरान 2020-21 में, साकेत ने एक फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में अपनी भूमिका निभाई और उत्कृष्ट कार्य किया। उनके नेतृत्व में, उनकी टीम ने इस चुनौतीपूर्ण समय में समाज के लिए अनगिनत सहायता प्रदान की। रामकलेश साकेत का जीवन और कार्य एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत करते हैं, जो सामाजिक उत्थान, शिक्षा के प्रसार और न्याय की भावना के प्रति समर्पित हैं। उनके प्रयासों से न केवल उनके समुदाय का विकास हुआ है, बल्कि उन्होंने अन्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनाया है। उनका कार्य और समर्पण उन्हें न केवल एक उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, बल्कि एक विचारशील नेता के रूप में भी स्थापित करता है। रामकलेश साकेत का कार्य और जीवन यात्रा हमें यह सिखाती है कि समर्पण, दृढ़ निश्चय और सामाजिक जागरूकता के साथ, हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उनका जीवन आज भी अनेकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी उपलब्धियों के आधार कहा जा सकता है कि वह अजाक्स की नींव के पत्थर हैं।

# संकल्प यात्रा शिविरों में ग्रामीणों को दी गई जनहितकारी योजनाओं की जानकारी

### गुरुवार को 15 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया संकल्प शिविर



**जगदलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 15 ग्राम पंचायतों में आयोजित संकल्प यात्रा शिविरों में जनहितकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित उज्ज्वला योजना के लाभार्थी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिले में गुरुवार को विकासखंडों के अंतर्गत 15 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके तहत बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत बजावंड,जैतगिरी, सौतपुर, कोलावल, तारापुर एवं भिरिंडा, बास्तानार विकासखंड के कापानार, बस्तर विकासखंड के खड़का, जामगांव, पाथरी एवं सुधापाल,तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंघनपुर, सिरिसगुड़ा-02,साकरगांव एवं सिरिसगुड़ा में योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन पहुंची,तो ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। उक्त सभी स्थानों में विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया। इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजस्व,खाद्य, कृषि,उद्यानिकी,स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने तन्मयता से सुना। वहीं स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधि प्रदान किया गया। इस मौके पर संकल्प शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना इत्यादि से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

### संवाददाता हेमंत शाक्य





सुल्तानपुर। कोई भी काम छोटा या बड़ा नही होता बस सोच पाजिटिव होना चाहिए इसी से मनुष्य महान बनता है समाज में अनेक सहयोगी होते है जो समाज निर्माण में अपनी भागीदारी निभाते है एवं दिन रात अपनी सेवाएं समाज को प्रदान करते है । नर सेवा नारायण सेवा के भाव को जाग्रत करते हुए नगर परिषद सुल्तानपुर के ब्रांड एंबेसडर एवं शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया गया । सफाई दरोगा हरिशंकर उनकी सेवानिवृत्ति पर शाल देकर सम्मानित किया गया ।वही वार्ड नंबर 14 सुल्तानपुर की सफाई मित्र श्रीमती ममता बाई को साड़ी एवं लड्डू देकर सम्मानित किया गया । यही लोग हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग है इनके बिना सभ्य समाज की कल्पना करना व्यर्थ होगा ।

# महानदी के उद्गम स्थल में कल्पेश्वर गणेश घाट सियावा के मुरली बाबा आश्रम उपेक्षा का शिकार

**हिंदू आस्था के केंद्रो को किया जा रहा है अनदेखी..**

जिला धमतरी के अंतर्गत आने वाला सिहावा विधानसभा के महानदी उद्गम स्थल में स्थित श्रृंगी ऋषि पर्वत के दामन में हिंदू आस्था का केंद्र रहे कल्पेश्वर गणेश घाट मुरली बाबा आश्रम मौजूद है। उक्त आश्रम के संचालक स्वयं मुरली बाबा है वैदिक अनुष्ठानों से लेकर यज्ञ हवन पूजन नित्य प्रतिदिन सनातन धर्म के लिए धर्म ध्वजा का विस्तार साधु-संतों में देखने को मिलता है ,उक्त आश्रम में बाबा के द्वारा असाध्य रोगियों का उपचार भी आयुर्वेदिक पद्धति से किया जाता है। जिससे असंख्य बीमारियों से दुखी लोगो को राहत मिलती है तथा व स्वस्थ होकर जाते हैं। जिससे प्रभावित होकर क्षेत्र के ग्रामीणों का आश्रम के प्रति समर्पण का भाव भी देखने को मिलता है। कोई भी






धार्मिक कार्य या अनुष्ठान करना हो तो संयुक्त रूप से समस्त श्रद्धालु वह भक्तगण भव्य आयोजन मिलकर कर देते हैं। परंतु उक्त आश्रम में जहां धार्मिक कार्य व जागरूकता अभियान सार्वजनिक रूप से चलाया जाता है। ऐसे स्थानों पर शासन प्रशासन व सरकार के द्वारा कोई भी योजना का लाभ न मिलाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व में भी कांग्रेस की सरकार रही जिन्होंने देव गुड़ियों मंदिरों व धार्मिक स्थलों को विकसित करना भी अपनी योजना में शामिल किया था। किंतु 5 वर्ष बीत जाने पश्चात भी ऐसे आस्था का केंद्र रहे स्थानों को उपेक्षित रखना या अनदेखी करना न्याय उचित प्रतीत नहीं होता, और वही दूसरी ओर आज सत्ता में हिंदू कहे जाने वाली पार्टी काबिज है। फिर भी आश्रम वह महानदी उद्गम स्थल का विकास ना हो पाना अनेकों सवालों को जन्म दे रहा है विहंगम क्षेत्र होने के कारण सड़क पानी बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से आज भी स्थानीय ग्रामीण जुझ रहे है। कठिन परिश्रम करके पहाड़ी के दामन में आश्रम का निर्माण करने में स्थानीय ग्रामीण व सियावा विधानसभा के आम जनमानस का सहयोग रहता है किंतु विधायक व वर्तमान सरकार ऐसे धार्मिक आस्था के केंद्रो का विकास करने में प्रतिबधता नहीं दिखा रहे हैं यह विचारणीय विषय है। देखना अब यह है कि हिंदू साधु संतो के आश्रम व आमजनमानस के आस्था के केंद्र रहे पवित्र स्थानों को कैसे विकसित किया जाता है।या यु ही ऊपेक्षा का शिकार रहेंगे।

## कर्मचारियों को नौकरी से निकालने लेने के लिए
# चीनी कंपनी ने अपनाया अजीब तरीका!

**रणनीति**

- **ऑफिस पहाड़ों पर शिफ्ट किया, जहां टॉयलेट-ट्रांसपोर्ट सुविधा नहीं**

बीजिंग, एजेंसी

चीन की एक एडवर्टाइजिंग कंपनी ने अपना ऑफिस पहाड़ पर शिफ्ट कर दिया। इसके बाद कंपनी के करीब 70% कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने कर्मचारियों को दिए जाने वाले मुआवजे से बचने के लिए ऑफिस पहाड़ पर शिफ्ट किया।

दरअसल, यह पहाड़ शहर से इतना दूर है कि यहां आने-जाने के लिए ट्रांसपोर्ट नहीं मिलता। ऑफिस में भी कर्मचारियों के लिए बेसिक फैसिलिटी नहीं है। महिला कर्मचारियों को पास के गांव में बने पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल करना पड़ता है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगर कर्मचारियों को नौकरी से निकालती तो उसे इन्हें मुआवजा देना पड़ता। इससे बचने के लिए कंपनी ने ऑफिस पर शिफ्ट कर लिया। कंपनी जानती थी कि ऑफिस आने में कर्मचारियों को दिक्कत होगी और वो इस्तीफा दे देंगे।

कंपनी के एक कर्मचारी चैंग ने कहा- शहर से पहाड़ तक पहुंचने में 2 घंटे लगते हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी वक्त पर नहीं मिलता। हर 3 घंटे में सिर्फ एक बस पहाड़ तक जाती है। यहां पहुंचने के बाद 3 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। तब जाकर ऑफिस पहुंच पाते हैं।

उन्होंने कहा- कंपनी ने हमें कोई ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी नहीं दी। ऑफिस आने के लिए रोज परेशान होना पड़ता है। कैब से ऑफिस के पास वाले मेट्रो स्टेशन जाने में 600-700 रुपए खर्च हो जाते हैं। हमारी सैलरी भी इतनी है कि हर दिन कैब में पैसे खर्च किए जाएं। कंपनी यह पैसा रिफंड भी नहीं करती।

चैंग ने बताया कि पहाड़ पर बना ऑफिस शहर से इतना दूर है कि यहां मूलभूत सुविधाएं नहीं है। उन्होंने कहा- ऑफिस में महिला कर्मचारियों के लिए टॉयलेट नहीं है। उन्हें पास के गांव में बने पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल करना पड़ता है। रात में आने-जाने के लिए भी कोई सुविधा नहीं दी जाती। रात में घर जाना बेहद खतरनाक हो जाता है क्योंकि पहाड़ पर जंगली जानवरों का मूवमेंट भी रहता है।

कंपनी में सिर्फ 20 कर्मचारी ही काम करते हैं। इनमें से चैंग समेत 14 कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने मैनेजमेंट के सामने सुविधाएं न होने की कई बार शिकायत की, लेकिन इन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक कर्मचारियों के इस्तीफे के बाद कंपनी ने एक बार फिर ऑफिस शहर में शिफ्ट कर लिया और नए कर्मचारियों की भर्ती शुरू कर दी। यह बात जब इस्तीफा दे चुके कर्मचारियों को पता चली तो वो नाराज हो गए। कर्मचारियों को लगने लगा की कंपनी ने उन्हें धोखा दिया है, जिसके बाद उन्होंने कंपनी पर आरोप लगाए।

हालांकि कंपनी ने आरोपों को खारिज किया है। कंपनी का कहना है कि शहर वाले ऑफिस में मरम्मत का काम चल रहा था, इसलिए ऑफिस को कुछ वक्त के लिए पहाड़ पर शिफ्ट करना पड़ा। जैसे ही काम पूरा हुआ हम वापस शहर वाले ऑफिस में आ गए।

# थाईलैंड की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

## 20 लोगों के मारे जाने की खबर

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। अब तक 20 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक- मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि फैक्ट्री के कई हिस्सों में लगी आग को बुझाया नहीं जा सका है। इसके लिए सेना की मदद ली जा रही है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि यह धमाका किस वजह से हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक- फैक्ट्री में लाइट की वायरिंग काफी पुरानी थी। मुमकिन है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ब्लास्ट हुआ हो।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक- घटना सुपहान प्रॉविन्स में हुई। यह बैंकॉक से 120 किलोमीटर दूर कोस्टल एरिया है। यहां कई पटाखा फैक्ट्रीज हैं। इनमें से ज्यादातर काफी पुरानी हैं। यह घनी आबादी वाला इलाका है और आसपास के लोग ही इन फैक्ट्रीज में काम करते हैं। बुधवार को धमाके के वक्त फैक्ट्री में काफी कर्मचारी मौजूद थे। इसलिए माना जा रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा काफी ज्यादा हो सकता है। ज्यादातर घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। हालांकि, पुलिस ने ये नहीं बताया कि कुल कितने कर्मचारी फैक्ट्री में थे और कितने झुलसे हुए लोगों को अस्पताल भेजा गया है। प्रधानमंत्री को इस मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस चीफ थीरापोज रेवांगन ने कहा- मेरी यहां के गवर्नर से बात हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक किसी जिंदा व्यक्ति को फैक्ट्री कैम्पस से बाहर नहीं निकाला जा सका है।

## इस्लामिक जिहाद का कमांडर गिरफ्तार

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेस (IDF) को एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। गाजा में इस्लामिक जिहाद के एक बड़े कमांडर को IDF ने गिरफ्तार कर लिया है और उसने पूछताछ में कुछ बड़े खुलासे किए हैं। IDF ने इस कमांडर का फोटो भी जारी किया है। दूसरी तरफ, गाजा के बाद अब लेबनान में इजराइली हमले तेज हो गए हैं। लेबनान के कई शहरों पर आतंकी संगठन हिजबुल्लाह की लोकेशन्स पर IDF ने हमले किए हैं। इससे हुए नुकसान के बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है। IDF ने मंगलवार को लेबनान में कई लोकेशन्स पर हमले किए। यह जानकारी टाइम्स ऑफ इजराइल ने दी है, लेकिन इन हमलों से हुए नुकसान के बारे में अब तक कुछ नहीं कहा गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक- हिजबुल्लाह की कुल 16 लोकेशन्स पर एयरस्ट्राइक की गई हैं।

## घाना ने राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन रणनीतिक योजना शुरू की

अकरा, एजेंसी

घाना ने मंगलवार को एक राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन रणनीतिक योजना शुरू की। योजना का लक्ष्य देश में इस घातक बीमारी को खत्म करना है। घाना के स्वास्थ्य मंत्री क्वाकू अग्येमान मनु ने कहा, 2024-2028 मलेरिया उन्मूलन रणनीतिक योजना में मलेरिया मुक्त घाना के लिए एक व्यापक रोडमैप शामिल है।

मनु ने कहा, 'घाना में मलेरिया से संबंधित मौतें अस्वीकार्य हैं। वास्तव में, आज के समय में किसी को भी मलेरिया से नहीं मरना चाहिए।' उन्होंने कहा कि घाना के पास मलेरिया को खत्म करने के लिए आवश्यक विज्ञान, उपकरण और मानव संसाधन हैं।

उन्होंने कहा, 'हमारे मजबूत सहयोग, नेतृत्व और रणनीतिक दृष्टिकोण से मलेरिया उन्मूलन संभव और प्राप्त करने योग्य है।' विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में घाना, लाइबेरिया, गाम्बिया और सिएरा लियोन के लिए बहु-देशीय कार्य अधिकारी शर्मिला लारिफ़ ने मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में घाना की प्रगति की सराहना की।

उन्होंने घाना को बीमारी को खत्म करने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करना जारी रखने की डब्ल्यूएचओ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

सुलारिफ़ ने कहा, मलेरिया उन्मूलन के लिए उच्च राजनीतिक प्रतिबद्धता, नवीनीकृत और मजबूत साझेदारी, पर्याप्त संसाधन जुटाने और उन्मूलन रणनीति में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है।

# रुसी वायु रक्षा बलों ने यूक्रेन के विल्खा रॉकेट, ड्रोन को नष्ट किया

मॉस्को, एजेंसी

रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र में रात भर में यूक्रेन के सात विल्खा रॉकेट और चार मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने दिन की शुरुआत में कहा कि क्षेत्र और बेलगोरोड शहर में सात यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया, प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि कोई हताहत नहीं हुआ।

बेलगोरोड शहर के मेयर के कार्यालय ने कहा कि बुधवार को बेलगोरोड में रॉकेट खतरे की घोषणा की गई थी और निवासियों से घर पर रहने और खिड़कियों से दूर रहने का आग्रह किया गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा '17 जनवरी को, तड़के लगभग 2.40 बजे मास्को समय, कीव शासन द्वारा विल्खा मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम और यूएवी का उपयोग करके रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्य पर आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया गया था



, नाकाम कर दिया गया। ड्यूटी पर मौजूद रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर सात रॉकेट और चार यूक्रेनी यूएवी को नष्ट कर दिया।' ग्लैडकोव ने कहा कि क्षेत्र में वायु रक्षा प्रणालियां दिन में फिर से सक्रिय हो गईं, जिससे हवा में कई लक्ष्यों को नष्ट कर दिया गया। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा, 'हमारी वायु रक्षा प्रणालियां बेलगोरोड और बेलगोरोड क्षेत्र में फिर से सक्रिय हो गईं। कई हवाई लक्ष्यों को मार गिराया गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कोई हताहत नहीं हुआ।'

**गणना** | चीन ने 2022 में रिकॉर्ड-कम संख्या में विवाह दर्ज किए, केवल 68.33 लाख जोड़ों ने औपचारिक रूप दिया

# चीन की जनसंख्या 2023 के अंत तक घटकर 1.409 अरब रह गयी!

बीजिंग, एजेंसी

चीन की जनसंख्या 2023 के अंत तक साल-दर-साल 20.80 लाख से कम होकर 1.409 अरब रह गयी है। चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ब्यूरो की विज्ञप्ति के अनुसार आधुनिक चीन गंभीर जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें लिंग असंतुलन और बढ़ती आबादी शामिल है, जो 1970 के दशक के अंत में शुरू की गई चीन की 'एक-परिवार-एक-बच्चा' नीति द्वारा लाई गई थी, जिसके तहत शहरों में परिवारों को केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी और गांवों में यदि पहला बच्चा लड़की हो तो दो।



ब्यूरो ने बताया कि 2013 में, बीजिंग ने इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबंधों में ढील दी, उन जोड़ों को अनुमति दी, जहां परिवार में एकमात्र बच्चा है, उन्हें दूसरा बच्चा पैदा करने की अनुमति दी गई और 2016 में सभी जोड़ों को एक से अधिक बच्चे पैदा करने की अनुमति दी गई। 2021 में, चीनी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने जनसंख्या और परिवार नियोजन पर कानून में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे जोड़ों को तीन बच्चे तक पैदा करने की अनुमति मिल गई और पहले से निर्धारित सभी जुर्माने और शुल्क को समाप्त कर दिया गया।

इन उपायों से जन्म दर में उछाल नहीं आया। इसके विपरीत, चीन में जन्म दर पिछले कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही है, 2016 में 1.77 करोड़, 2017 में 1.72 करोड़, 2018 में 1.52 करोड़, 2019 में 1.46 करोड़, 2020 में 1.2 करोड़, 2021 में 1.06 करोड़ और 2022 में 95.60 लाख दर्ज की गयी।

चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने पहले कहा था कि चीन ने 2022 में रिकॉर्ड-कम संख्या में विवाह दर्ज किए, केवल 68.33 लाख जोड़ों ने अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया, जो 37 वर्षों में सबसे कम है।

## बेल्जियम ने लाल सागर संकट के कारण संभावित व्यवधानों की दी चेतावनी

ब्रसेल्स, एजेंसी

बेल्जियम के तटीय शहर एंटवर्प स्थित यूरोप के दूसरे सबसे बड़े बंदरगाह ने कहा है कि भविष्य में लाल सागर में संकट के कारण जहाज में देरी और बंदरगाह संचालन में व्यवधान संभव है, हालांकि ऐसा अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। बंदरगाह ने आरआईए नोवोस्ती को बताया, "आज तक कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। जहाजरानी कंपनियां सात से 10 दिनों की देरी की रिपोर्ट कर रही हैं। कॉल की संख्या वही बनी हुई है। कंटेनर जहाज यातायात सबसे अधिक प्रभावित है जबकि अन्य श्रेणियों के जहाज कम प्रभावित हुए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम फिर से कम विश्वसनीय होते जा रहे हैं जिससे टर्मिनल संचालन और भीतरी इलाकों में अक्षमता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।" बंदरगाह प्राधिकरण ने कहा कि किरायों में कंटेनरों के लिए संभावित रूप से 60 फीसदी से अधिक की वृद्धि हो रही है, जबकि बीमा प्रीमियम में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बंदरगाह ने कहा कि इस बीच दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन से गुजरने पर कंटेनर लंबे समय तक पारगमन में रहते हैं।

नवंबर 2023 में हाउती विद्रोहियों के नाम से जाने जाने वाले यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन ने धमकी दी कि जब तक इजरायल गाजापट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता तब तक वह इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला जारी रखेगा। दिसंबर में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर में नेविगेशन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन की स्थापना की घोषणा की। पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने सना की राजधानी सहित यमन के विभिन्न हिस्सों में हाउती ठिकानों पर हवाई हमले किए। पिछले हफ्ते यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने हाउती से संयम बरतने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि देशों को अपने जहाजों को हमलों से बचाने का अधिकार है।

# इंडिया ओपन बैडमिंटन में रहेंगी सात्विक व चिराग पर निगाहें

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलयेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ गई हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

- सुपर 750 केटेगरी की प्रतियोगिता आज से शुरू
- पीवी सिंधु इसमें हिस्सा नहीं ले रही हैं

सात्विक और चिराग मलयेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सात्विक ने कहा,'हम अपने देश में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इस टूर्नामेंट के बाद हमारी जीत दर्ज करने की भूख बढी है और हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।' पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला दुनिया के 25वें नंबर के फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे वहीं पुरुष एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी विशेषकर तब जबकि ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। मलयेशिया में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रणय और लक्ष्य को जल्द लय हासिल करनी होगी।

### विश्व नंबर एक एक्सेलसेन हटे

**नई दिल्ली (भाषा)।** डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन अस्वस्थ होने के कारण इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं। एक्सेलसेन मलयेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा,'शनिवार को मैच के बाद मैं बीमार पड़ गया और अभी मलेशिया में उपचार कर रहा हूं। मुझे अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है।'

# अंकित के शतक से बिहार के खिलाफ दिल्ली बढ़त की ओर

**नई दिल्ली।** अंकित राणा के शतक (135 रन, 142 गेंद, 24 चौके) और सुजल सिंह के नाबाद 90 रन (185 गेंद, 10 चौके, 1 छक्का) की बदौलत दिल्ली की टीम अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप मुकाबले में बिहार के खिलाफ पहली पारी में बढ़त लेने के करीब पहुंच गयी है। बिहार के पहली पारी के 274 रन के जवाब में मेजबान दिल्ली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 61 ओवर में दो विकेट पर 252 रन बना लिये। फिलहाल दिल्ली की टीम 22 रन से पीछे है।

**सीके नायडू ट्रॉफी**

- बिहार पहली पारी में 274 रन पर आउट, दिल्ली के दो विकेट पर 252 रन

बिहार ने पहले दिन के स्कोर तीन विकेट पर 201 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन मनन भारद्वाज और अखिल चौधरी की घातक गेंदबाजी के आगे पूरी टीम केवल 274 रन पर सिमट गयी। बिहार ने इस दौरान सात विकेट केवल 73 रन जोड़कर खो दिये। बिहार की पारी में पहले दिन ही आयुष लोहारुका ने शतक (115 रन, 187 गेंद, 20 चौके) लगाया था। लेकिन कप्तान अंकित राज 70 रन की पारी को ज्यादा आगे नहीं ले जा सके और छह रन जोड़कर 77 रन बनाकर आउट हो गये। इसके अलावा आयुष आनंद ने 41 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से मनन भारद्वाज ने 67 रन देकर पांच और अखिल चौधरी ने 75 रन देकर चार विकेट लिये। एक विकेट दो रन देकर हार्दिक शर्मा ने भी हासिल किया।

जवाब में दिल्ली के लिए अर्पित राणा ने 135 रन की शतकीय पारी खेली। साथ ही सुजल सिंह 90 रन बनाकर शतक की ओर हैं। विवेक यादव दो रन बनाकर आउट हुए। कप्तान हार्दिक शर्मा 17 रन बनाकर क्रीज पर हैं। बिहार के लिए एकमात्र विकेट 20 रन देकर अंकित राज ने लिया।

# और अधिक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के आयोजन का इरादा नहीं : बीएआई

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने सोमवार को कहा कि बीएआई पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी कर रहा है और उनका और अधिक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी का कोई इरादा नहीं है।

मिश्रा ने हालांकि कहा कि बीएआई भविष्य में अपने टूर्नामेंटों के स्तर में सुधार की कोशिश करेगा। भारत इस समय इंडिया ओपन सुपर 750 और सैयद मोदी सुपर 300 सहित सात अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है।

मिश्रा ने यहां प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संवाददाताओं से कहा, 'हम सात अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं जिसमें इंडिया ओपन

- भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा का कथन
- भारत में होते हैं सात अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट

सुपर 750 टूर्नामेंट है जबकि सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट भी शामिल है। इसके अलावा हम दो सुपर 100 और कुछ चैलेंजर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करते हैं।'

उन्होंने कहा, 'हम घरेलू टूर्नामेंट का अभी आयोजन करते हैं जिसमें सीनियर और जूनियर टूर्नामेंट शामिल है। खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इतने टूर्नामेंट का आयोजन पर्याप्त है। हम खिलाड़ियों पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहते। हम अब टूर्नामेंट के स्तर में सुधार की कोशिश करेंगे। हम 2026 के बाद सुपर 300 टूर्नामेंट को सुपर 500 और सुपर 750 को सुपर 1000 स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। चैलेंजर को हम सुपर 100 का दर्जा दिलाने का प्रयास करेंगे।'

# निशानेबाज योगेश सिंह ने एशियाई क्वालीफायर में दो स्वर्ण जीते, लक्ष्य को कुवैत में कांस्य पदक

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे।

भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालिफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे। ईरान के मोहम्मद बेरानवंद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा।

- महिला ट्रैप में कॉमनवेल्थ स्वर्ण विजेता श्रेयसी पांचवें स्थान पर रहीं
- टीम ट्रैप में भारतीय महिलाओं को मिला रजत, श्रेयसी भी थी सदस्य



महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी।

ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिकियू झांग (39) को रजत पदक मिला। कजाखस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया।

भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।

# प्रखर चतुर्वेदी ने 404 रन की पारी खेलकर युवराज का तोड़ा रिकॉर्ड

**शिवमोग्गा।** प्रखर चतुर्वेदी ने रविवार को मुंबई के खिलाफ अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में नाबाद 404 रन बनाते हुए युवराज सिंह के 25 साल पुराने सर्वोच्च व्यक्ति स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

चतुर्वेदी ने 1999 में युवराज सिंह द्वारा बिहार के खिलाफ बनाये 358 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही वह वर्ष 2011-12 सत्र में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए विजय जोल के नाबाद 451 रन के बाद वह टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर की सूची में नंबर दो पर आ गए। वे इस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में 400 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

- कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में कर्नाटक ने मुंबई को हराया
- इसी मैच में प्रखर ने 638 गेंदों पर 46 चौके और तीन छक्के के साथ 404 रन बनाये
- यह फाइनल मैच का सर्वोच्च स्कोर है
- युवराज ने 1999 में 358 रन बनाये थे



प्रखर चतुर्वेदी की इस अद्भुत पारी की बदौलत कर्नाटक ने फाइनल में मुंबई को हरा दिया। चतुर्वेदी ने कुल 638 गेंदों का सामना किया और अपनी पारी में 46 चौके और तीन छक्के लगाए।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेलकर कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में 400 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।'

### देसाई के सात विकेट से गुजरात ने कर्नाटक को हराया

**अहमदाबाद।** सिद्धार्थ देसाई के फिरकी के जादू से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन सोमवार को यहां कर्नाटक को 103 रन पर समेटकर छह रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

गुजरात के 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक ने बिना विकेट खोए 50 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर देसाई (42 रन पर सात विकेट) ने उसकी पारी को ध्वस्त कर दिया। ऑफ स्पिनर रिंकेश वाघेला (38 रन पर तीन विकेट) ने देसाई का अच्छा साथ देते हुए तीन विकेट चटकाए जिससे कर्नाटक ने 17 ओवर के भीतर 53 रन जोड़कर अपने सभी विकेट गंवा दिए। यह गुजरात की लगातार दूसरी जीत है और वह 12 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है।

# शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए, मुंबई की दूसरी जीत

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे मुंबई ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। फॉलोआन खेल रही आंध्र की टीम शेक रशीद (66) और हनुमा विहारी (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद मुलानी (96 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 73.4 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। मुंबई को 34 रन का लक्ष्य मिला। मुलानी ने मैच में 161 रन देकर 10 विकेट चटकाए और प्रथम श्रेणी मैच में छठी बार 10 या इससे अधिक विकेट चटकाने में सफल रहे। मुंबई ने इसके जवाब में बिना विकेट खोए 8.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और उसे एक बोनस अंक सहित सात अंक मिले। इस 41 बार के चैंपियन ने पहले दौर के मैच में बिहार को पारी और 51

**रणजी ट्रॉफी**

रन से हराया था। टीम ग्रुप बी में दो मैच में दो जीत से 14 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। टीम छत्तीसगढ से चार अंक आगे है जिसने पटना में बिहार के खिलाफ दूसरे दौर के मैच से तीन अंक हासिल किए। मुंबई ने पहली पारी में 395 रन का स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में मुलानी (65 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने आंध्र की टीम 184 रन पर सिमट गई और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा।

बंगाल को उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक मिले। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खराब रोशनी के कारण चौथे दिन खेल नहीं हो सका। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी में सिर्फ 60 रन पर ढेर हो गई थी जिसके जवाब में बंगाल ने 188 रन बनाकर 128 रन की महत्वपूर्ण बढत हासिल की।

# इटली पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**रांची।** पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की

**महिला हॉकी क्वालीफायर**

- जीतने पर भारतीय महिला टीम पहुंचेगी सेमीफाइनल में, पहला मैच हारी थी टीम

अपनी उम्मीदों को कायम रखा। एशियाई खेलों के जरिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने अगर अमेरिका के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में लचर प्रदर्शन किया तो न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में उसने शानदार खेल दिखाया।



# सर्दियों में करना है वेट लॉस तो डाइट में शामिल करें हरे अंगूर





शायद ही ऐसा कोई हो सकता है जिन्हें ठंड के मौसम में अंगूर खाना पसंद न होता हो। यह रसीला, खट्टा-मीठा फल खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही सेहत के लिए लाभकारी भी। पोषक तत्वों की बात करें, तो पोषण का खजाना है। इसमें विटामिन ए, सी के साथ-साथ फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम आदि बहुत अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा, ये एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भी भरपूर होते हैं। आपको बता दें कि जो लोग वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके लिए अंगूर स्नैक्स का एक अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं। इनका सेवन करने से आपको तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। वेट लॉस करने की चाह रखने वाले लोग अक्सर यह सवाल पूछते हैं कि आखिर अंगूर खाने से कैसे वजन घटाने में मदद मिल सकती है? इस लेख में हम आपको वजन घटाने के लिए अंगूर खाने के फायदे और यह कैसे वजन घटाने में मदद करता है, इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं...

अंगूर की सबसे अच्छी बात यह है कि यह एक लॉ कैलोरी वाला फल है। अंगूर के हर 100 ग्राम में सिर्फ 70 कैलोरी के आसपास होती हैं। लेकिन यह पोषण से भरपूर होता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फाइबर की अच्छी मात्रा में होता है। आपको बता दें कि वजन घटाने के लिए कम कैलोरी वाले फूड्स को डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति को वजन करना होता है, तो उसे अपनी दैनिक कैलोरी इनटेक से 200-300 कम कैलोरी का सेवन करना होता है। ऐसे में अंगूर को डाइट में शामिल करने से कम कैलोरी में लंबे समय तक पेट भरा रखने और जरूरी पोषण प्राप्त करने में बहुत मदद मिल सकती है। हरे अंगूर वजन घटाने वाले लोगों के लिए एक बेहतरीन स्नैक विकल्प साबित हो सकता है।

**अंगूर वजन घटाने में कैसे मदद करते हैं-** जैसा कि हमने ऊपर बताया है अंगूर में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। लेकिन यह एक पेट भरने वाला फल है। इसमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर जैसे न्यूट्रिएंट्स पेट को भरा रखने और भूख को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं। इस तरह आप अनहेल्दी फूड्स का कम सेवन करते हैं और अधिक कैलोरी भी नहीं खाते हैं। इससे आपको कैलोरी डेफिसिट में बने रहने में मदद मिलती है। इसके अलावा, अध्ययन में यह पाया गया है कि अंगूर में मौजूद रेसवेराट्रॉल एंटीऑक्सीडेंट शरीर में फैटी एसिड को मेटाबॉलाइज करने में मदद करता है। इससे शरीर में एनर्जी आती है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। इससे तेजी से कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है। अंगूर में बहुत सारे फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, जो वजन घटाने में कई तरह से मदद करते हैं।

# शिकाकाई का तेल सफेद बालों पर लगा सकती है ब्रेक

शिकाकाई, एक इमली जैसी चीज है जो कि बालों के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। इसकी खास बात ये है कि इसमें एक बायोएक्टिव कंपाउंड सैपोनिन्स (saponins) होता है जो कि बालों की सेहत के लिए कारगर तरीके से काम करता है। ये आपके बालों के टैक्सचर को बेहतर बनाने के साथ स्कैल्प को साफ करने, ड्राईनेस को कम करने और सूजन में कमी लाने में मदद करते हैं। इसके अलावा भी इसके एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की कई समस्याओं को कम कर सकते हैं। तो, जानते हैं बालों के लिए किस प्रकार से फायदेमंद है शिकाकाई का तेल

**1. बालों का सफेद होना रोकता है**

अगर आपके बाल तेजी से सफेद हो रहे हैं तो आपको शिकाकाई के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके एंटीऑक्सीडेंट्स बालों में कोलेजन बूस्ट करते हैं और बाल तेजी से सफेद हो रहे बालों पर रोकथाम लगाते हैं। इतना ही नहीं ये सफेद हो रहे बालों को काला करने में भी मदद करता है और टैक्सचर में बदलाव लाता है।



**2. बालों का झड़ना कम करता है**

शिकाकाई का तेल बालों के झड़ने को कम करता है। ये बालों में ब्लड सर्कुलेशन को तेज करता है और फिर इन्हें जड़ों से मजबूत बनाता है। इससे हमारे बाल तेजी से नहीं झड़ते और इनकी बनावट भी बेहतर होती है। साथ ही इससे नए बालों के विकास में भी मदद मिलती है।

कुछ ही महीनों में सफेद बालों को काला कर देगा आंवले का मुरब्बा, मिलेंगे ये खास फायदे

**3. डैंड्रफ और खुजली में असरदार**

डैंड्रफ और खुजली में शिकाकाई का तेल कारगर तरीके से काम करता है। ये आपके स्कैल्प को साफ करता है और इसका एंटीबैक्टीरियल गुण डैंड्रफ की समस्या को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा ये खुजली को कम करता है और आपकी स्कैल्प को बेहतर बनाने में मदद करता है। इस प्रकार डैंड्रफ और खुजली में शिकाकाई का तेल कारगर तरीसे के काम करता है। तो, इन तमाम कारणों से आपको शिकाकाई का तेल लगाना चाहिए।

# 26 जनवरी पर घूम आएं जलियांवाला बाग से लेकर वाघा बॉर्डर



आगामी 26 जनवरी को आप लॉन्ग वीकेंड बनाकर कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं। ऐसे में आप दिल्ली से अमृतसर जा सकते हैं। जी हां, ये बहुत दूर नहीं है और आप तीन दिनों में यहां घूमकर आ सकते हैं। ये शहर बहुत सुंदर है और यहां आपको स्वतंत्रता संग्राम के समय की बहुत सारी ऐतिहासिक चीजें देखने को मिल जाएंगी। अमृतसर की खास बात यहां रहना-खाना इतना महंगा नहीं है कि आपको यहां जाने से पहले बहुत सारी प्लानिंग की जरूरत नहीं तो। तो, जानते हैं अमृतसर की मशहूर चीज क्या है और यहां कहां घूमें।

**1. अमृतसर की मशहूर चीज है गोल्डन टेंपल**

अमृतसर की मशहूर चीज है गोल्डन टेंपल (Golden Temple)। इसे श्री हरमंदिर साहिब या दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है और यह भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है। यह मंदिर शानदार वास्तुकला का प्रदर्शन करता है, जो हिंदू और इस्लामी कलात्मक शैलियों का एक अनूठा मिश्रण है। मंदिर की भीतरी दीवारों पर अर्ध-कीमती पत्थर, मीनाकारी का काम और कांच का काम किया गया है जो आपकी आंखों को सुकून देगा। मंदिर के आसपास का शांत जलस्रोत इसकी सुंदरता को बढ़ाता है। सिखों की पवित्र धार्मिक पुस्तक गुरु ग्रंथ साहिब को दिन के दौरान इस गुरुद्वारे के अंदर रखा जाता है और रात में अकाल तख्त ले जाया जाता है। मंदिर का मुख्य आकर्षण लंगर है और हर आने वाले को मुफ्त शाकाहारी भोजन दिया जाता है। ये अमृतसर ते स्वर्ण मंदिर रोड, अट्टा मंडी, कटरा अहलूवालिया में है। ये रोज 24 घंटे खुला रहता है। यहां प्रवेश शुल्क नहीं है।

**2. वाघा बॉर्डर**

वाघा बॉर्डर पर शाम की परेड देखने लोग दूर-दूर से आते हैं। अमृतसर के पास घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक, वाघा बॉर्डर देशभक्ति की भावना से भरपूर है। शहर से लगभग 30 किमी दूर स्थित, यह भारत और पाकिस्तान के बीच चलने वाली एकमात्र सड़क सीमा है। हर शाम, सूर्यास्त से पहले सीमा एक औपचारिक मैदान में बदल जाती है और पर्यटकों की भीड़ को आकर्षित करती है। यह वह समय है जब दोनों देशों के सैनिक बीटिंग रिट्रीट और चेंज ऑफ गार्ड समारोह में शामिल होते हैं। यह प्रथा 1959 से जारी है। इस समारोह शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले यहां पहुंचें। इसके लिए वाघा गांव सायं 04:15 बजे से सायं 05:00 बजे तक पहुंचे।

**3. जलियांवाला बाग**

जलियांवाला बाग स्वतंत्रता संग्राम की इतनी मार्मिक गाथा बयां करने वाला शायद भारत में कोई दूसरा स्मारक नहीं है। 6.5 एकड़ में फैला यह सार्वजनिक उद्यान ब्रिटिश सेना द्वारा निहत्थे भारतीयों पर किए गए सबसे जघन्य सार्वजनिक नरसंहार का गवाह बना हुआ है।

यह लगभग एक सदी पहले, वर्ष 1919 की बात है, जब जनरल डायर की कमान के तहत ब्रिटिश सेना ने इसी स्थान पर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की एक शांतिपूर्ण सभा पर बेरहमी से गोलीबारी की थी और सैकड़ों लोगों को मार डाला था। बगीचे में विशाल पत्थर का स्मारक भारत के स्वतंत्रता इतिहास के काले दिन की याद दिलाता है।

# इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था रहेगी कमजोर!

**WEF का दावा**

- **मुख्य अर्थशास्त्री परिदृश्य रिपोर्ट (Chief Economists Outlook report) में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है।**

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व आर्थिक मंच (WEF) में मुख्य अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है। इस वर्ष विभिन्न देशों के बीच आर्थिक मोर्चे पर मतभेद बढ़ने का भी खतरा है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की मुख्य अर्थशास्त्री परिदृश्य रिपोर्ट (Chief Economists Outlook report) में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है।

दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक आयोजित हो रही है। इससे पहले यह सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था तंग वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक दरार और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में तेजी से प्रगति से जूझ रही है।आधे से अधिक मुख्य अर्थशास्त्रियों (56 प्रतिशत) ने इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था के कमजोर होने की आशंका जताई, जबकि 43 प्रतिशत ने इसे अपरिवर्तित रहने या मजबूत होने की उम्मीद जताई है। हालांकि, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया व प्रशांत क्षेत्र के लिए अर्थशास्त्रियों का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। सर्वे में चीन एक अपवाद के रूप में उभरा है 69 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों ने चीन में मध्यम वृद्धि की उम्मीद की है। कमजोर खपत, कम औद्योगिक उत्पादन और संपत्ति बाजार की चिंताओं से कारोबारी संभावनाएं कम हुईं हैं। वैश्विक स्तर पर अर्थशास्त्रियों के एक मजबूत बहुमत ने यह भी कहा कि श्रम बाजार (77 प्रतिशत) और वित्तीय स्थिति (70 प्रतिशत) आने वाले वर्ष में ढीली हो सकती है डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने कहा, ''चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक रिपोर्ट वर्तमान आर्थिक माहौल की अनिश्चित प्रकृति को रेखांकित करती है।'' उन्होंने कहा, ''बढ़ते विचलन के बीच, आने वाले वर्ष में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लचीलेपन का परीक्षण जारी रहेगा।''

**गेट्स फाउंडेशन ने स्वास्थ्य नवाचारों के लिए 8.6 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड वार्षिक बजट की घोषणा की:** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने 2024 के लिए 8.6 अरब अमेरिकी डॉलर के अपने सबसे बड़े वार्षिक बजट की सोमवार को घोषणा की। इसका एक हिस्सा स्वास्थ्य नवाचारों को आगे बढ़ाने में खर्च किया जाएगा। यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। फाउंडेशन ने 2026 तक अपने वार्षिक खर्च को नौ अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता जतायी। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से पहले फाउंडेशन ने यह घोषणा की। गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स, '' हम स्वास्थ्य के भविष्य के बारे में बात किए बिना मानवता के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकते।''उन्होंने कहा, ''हर दिन, नवजात शिशु तथा छोटे बच्चे जान गंवा देते हैं... माताओं की जन्म देते समय मृत्यु हो जाती है, जिससे परिवार तबाह हो जाते हैं। इन सब ने मेरी रातों की नींद उड़ा दी है। यह अस्वीकार्य है।''

# पाम ऑयल और वनस्पति तेल सस्ता

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और वनस्पति तेल सस्ता हो गया वहीं दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 30 रिंगिट गिरकर 3750 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की तेजी लेकर 48.70 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान पाम आयल 133 रुपये और वनस्पति तेल 134 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मूंग दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :-दाल-दलहन : चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले इकॉनामी को लगेंगे पंख

**खुशखबरी**

- **देश में होगा एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार**
- **अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना ...**

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग गए हैं। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश में एक लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

खंडेलवाल के मुताबिक, अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते देशभर में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले कैट ने 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान लगाया था,लेकिन जिस प्रकार से दिल्ली सहित देशभर के लोगों में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि देश में एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कैट ने देश के 30 शहरों से प्राप्त फीडबैक को आधार बनाया है।



कैट ने पूर्व अनुमान को संशोधित करते हुए कहा, मंदिर के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में उछाल का आंकड़ा, एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार को पार करेगा।

खंडेलवाल ने इसे देश के व्यापारिक इतिहास की दुर्लभ घटना बताया है। उन्होंने कहा, आस्था और विश्वास के बल पर देश में व्यापार वृद्धि की यह सनातन अर्थव्यवस्था बड़ी मात्रा में अनेक नए व्यापारिक अवसरों का सृजन कर रही है। एक लाख करोड़ रुपये के अनुमान के आधार के बारे में उन्होंने कहा, श्री राम मंदिर के प्रति व्यापारियों एवं अन्य वर्गों के अनुराग और समर्पण की वजह से देशभर में 22 जनवरी तक व्यापारी संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें बाजारों में शोभा यात्राएं, राम पैदल यात्रा, राम रैली, राम फेरी, स्कूटर एवं कार रैली व राम चौकी सहित अनेक आयोजन होंगे।

बाजारों को सजाने के लिए राम झंडे, पटके, टोपी, टी शर्ट व राम मंदिर की आकृति के छपे कुर्ते आदि की बाजार में जबरदस्त मांग है। जिस तरह से राम मंदिर के मॉडल की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है, उसे देखते हुए देश भर में 5 करोड़ से अधिक मॉडल की बिक्री होने की संभावना है। मॉडल तैयार करने की लिए देश के विभिन्न शहरों में दिनरात काम चल रहा है। बड़े पैमाने पर म्यूजिकल ग्रुप, ढोल, ताशे, बैंड, शहनाई, नफीरी आदि बजाने वाले कलाकार आगामी दिनों के लिए बुक हो गए हैं। शोभा यात्रा के लिए झांकियां बनाने वाले कारीगरों और कलाकारों को भी बड़ा काम मिला है। देशभर में मिट्टी एवं अन्य वस्तुओं से बने करोड़ों दीपकों की मांग है।

# जावा 350 क्लासिक बाइक 2.14 लाख में लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टू-व्हीलर मेकर जावा मोटरसाइकिल ने इंडियन मार्केट में अपनी नई क्लासिक बाइक जावा 350 लॉन्च कर दी है। यह जावा स्टैंडर्ड का अपडेटेड वर्जन है। सबसे बड़ा बदलाव इसके इंजन में किया गया है और तीन कलर ऑप्शन- ब्लैक, मिस्टीक ऑरेंज और मरून के साथ मार्केट में उतारा गया है। कंपनी ने नए मॉडल में जावा स्टैंडर्ड मॉडल में मिलने वाले 294cc के इंजन की जगह 334cc का पावरफुल इंजन दिया है। कंपनी ने जावा 350 बाइक को 2.15 लाख रुपए के शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत पर पेश किया है। कंपनी बाइक के साथ 5 साल की वारंटी भी ऑफर कर रही है। इसकी कीमत अब पहले से 12,000 रुपए बढ़ गई है। नई जावा 350 के लुक्स की बात करें तो इसे नए डबल कार्डल फ्रेम पर डेवलप किया गया है।

**महंगाई** | **प्याज 250 रुपए किलो हुए; केयर टेकर सरकार में बढ़ा 12.430 लाख करोड़ का कर्ज**

# पाकिस्तान में एक दर्जन अंडों की कीमत 400 रुपए!

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले महंगाई आसमान छू रही है। लाहौर में एक दर्जन अंडों की कीमत 400 पाकिस्तानी रुपए (PKR) हो चुकी है। वहीं प्याज 250 रुपए किलो बिक रही है। ARY न्यूज के मुताबिक ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रशासन सरकारी दामों को लागू करने में फेल रहा है।

सरकार ने प्याज की कीमत 175 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तय की हुई है, लेकिन बाजार में यह लगभग 100 रुपए ज्यादा की कीमत पर बिक रही है। चिकन भी 615 रुपए प्रति किलो मिल रहा है।

इन हालत के बीच पाकिस्तान की इकोनॉमिक कोर्डिनेशन कमेटी ने वहां की नेशनल प्राइस मॉनिटरिंग कमेटी को निर्देश दिए हैं कि वे लोकल प्रशासन से रोजमर्रा की चीजों के दाम कंट्रोल कराने में मदद करे।पाकिस्तान में महंगाई के ये आंकड़े उस वक्त आ रहे हैं जब उस




पर कुल कर्ज बढ़कर 63,399 लाख करोड़ PKR हो गया है। केयर टेकर सरकार में पाकिस्तान के कर्ज में 12.430 लाख करोड़ PKR की बढ़ोतरी हुई है। इसमें 40.956 लाख करोड़ घरेलू कर्ज और अंतरराष्ट्रीय कर्ज 22.434 लाख करोड़ रुपए का है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को लेकर वर्ल्ड बैंक ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक पाकिस्तान में आने वाले समय में थोड़ा बहुत जो विकास होगा वह अमीरों तक ही सीमित रहेगा। इसके चलते पाकिस्तान आर्थिक संकट के मद्देनजर अपने साथी देशों से बहुत पिछड़ गया है।

पाकिस्तान के लिए विश्व बैंक के निदेशक नेजी बेन्हासिन ने कहा कि पाकिस्तान का आर्थिक मॉडल अप्रभावी हो गया है और गरीबी फिर से बढ़ने लगी है। बेन्हासिन ने कहा कि पाकिस्तान में आर्थिक विकास टिकाऊ नहीं है। पिछले महीने राजस्व और आर्थिक मामलों के कार्यवाहक मंत्री शमशाद अख्तर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। इसमें सामने आया था कि मुल्क में हाल ही के दिनों में महंगाई के चलते जमाखोरी और मुनाफाखोरी बढ़ी है। इसे रोकने के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ मिलकर काम करने के आदेश दिए गए थे। हालांकि, इन आदेशों का फर्क नहीं पड़ा।

# चिकित्सा से जुड़ा ऐप मेडबीट हेल्थकनेक्ट अब चार और भाषाओं में हुआ उपलब्ध

नयी दिल्ली, एजेंसी

चिकित्सा पेशेवरों द्वारा रोग निदान के लिए मरीज की बीमारियों और लक्षणों का सटीक मेडिकल विश्लेषण करने के लिए एआई का उपयोग करने वाले ऐप मेडबीट हेल्थकनेक्ट ने आज चार और भाषाओं में उपलब्ध हो गया।

कंपनी ने कहा कि अब मरीज मेडबीट हेल्थकनेक्ट ऐप का उपयोग छह भाषाओं - मलयालम, कन्नड़, तमिल और तेलुगू के साथ-साथ मूल हिंदी और अंग्रेजी में भी कर सकेंगे। इससे मरीजों और डॉक्टरों के बीच संवादहीनता को पाटने में मदद मिलेगी। मेडबीट हेल्थकनेक्ट उपयोगकर्ता की मातृभाषा में प्रासंगिक सवाल बुद्धिमानी के साथ पूछकर, प्रेस्क्राइबर के लिए अंग्रेजी में चिकित्सा इतिहास बनाकर संभावित निदान को बेहद सीमित कर देता है। इस तरह, रोगियों को प्रयोगशाला जांच के साथ-साथ सही विशेषज्ञों की सिफारिश की जाएगी।

मेडबीट हेल्थकनेक्ट की सह-संस्थापक और मुख्य प्रचारक डॉ. मोनिका अग्रवाल ने कहा "हमने सितंबर 2023 में मरीजों और चिकित्सकों की अद्भुत प्रतिक्रिया के बीच मेडबीट हेल्थकनेक्ट लॉन्च किया। हमने महसूस किया कि ज्यादातर मरीज अपनी बात अंग्रेजी की बजाय हिंदी में बता रहे थे। यही नहीं, बीमारी के लक्षण के विश्लेषण के लिए अन्य भाषाओं का उपयोग करने की सख्त आवश्यकता थी। आज, छह भाषाओं में मेडबीट हेल्थकनेक्ट के साथ, हम चिकित्सकों को प्रत्येक रोगी पर लगने वाले समय को अनुकूलित करने में सहायता कर रहे हैं। एक नये और अभिनव ज्ञान-आधारित टूल के माध्यम से एआई एल्गोरिदम का उपयोग करने वाला हमारा ऐप इसे आसान करता है। इसके लिए चिकित्सा पेशेवर को पूरा विवरण मेडिकल शैली में मुहैया कराता है ताकि सही निदान संभव हो सके।" उन्होंने आगे कहा, "मेडबीट हेल्थकनेक्ट ऐप में उपलब्ध भाषाओं की बढ़ती संख्या के साथ, आज हम भारत में 62 प्रतिशत से अधिक मरीजों के साथ उनकी पहली भाषा में जुड़ने में सक्षम हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)